भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 11 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 27 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## हाईवे पर तस्करों की पुलिस पर फायरिंग, एक गिरफ्तार, दूसरा नदी में कूदकर भागा

### 1 क्विंटल 95 किलो डोडा चूरा बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़/भीलवाड़ा

नेशनल हाईवे-27 पर मेनाल के समीप गुरुवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब डोडा पोस्त तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। यह घटना बेंगू थाना क्षेत्र की है, जहां तस्करी की सूचना पर नाकाबंदी कर रही पुलिस टीम पर आरोपियों ने फायर किया । जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, लेकिन एक तस्कर मेनाली नदी में कूदकर जंगल की ओर फरार हो गया, जबकि दूसरा मौके पर धर दबोचा गया।

#### तेज रफ्तार कार रोकने पर की फायरिंग -

घटना के अनुसार, बेंगू थानाधिकारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाईवे-27 पर मेनाल के पास नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान काटूंदा की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन कार सवार तस्करों ने रुकने की बजाय वाहन को तेज गति से मेनाल लिंक रोड की ओर भगा दिया।



भीलवाड़ा : पुलिस हिरासत में तस्कर

#### स्टॉप स्टिक से पंचर की कार, फिर गोलियां चलीं ;

पुलिस टीम ने पीछा करते हुए स्टॉप स्टिक की मदद से कार के टायर पंक्चर कर दिए। इस पर तस्करों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसी बीच कार सवार एक तस्कर मेंनाली नदी में कूदकर जंगल की ओर फरार हो गया।

#### एक आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में डोडा चूरा जब्त

पुलिस ने बताया कि फरार तस्कर की पहचान बीकानेर जिले के नोखा तहसील के नीमड़ी यासर गांव निवासी दिनेश (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने पीछा किया लेकिन वह पकड़ में नहीं आया।

वहीं, कार ड्राइवर कैलाश (30) निवासी मुकाम, जिला बीकानेर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 11 प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ कुल 1 क्विंटल 95 किलो 990 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर लिया है।

#### एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज, नेटवर्क की जांच शुरू -

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि डोडा चूरा कहां से खरीदा गया और किनके लिए तस्करी की जा रही थी। फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जंगल में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है।

## डीएसटी और पुलिस की बड़ी कार्रवाई एक वर्ष से फरार इनामी लूट के आरोपी को दबोचा




भीलवाड़ा : पुलिस हिरासत में इनामी अपराधी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

डीएसटी टीम भीलवाड़ा और थाना पूर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक साल से फरार चल रहे लूट के मामले में ?5 हज़ार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस ने बताया है कि , 1 जून 2024 को मंगलपुरा निवासी गोपाललाल शर्मा ने रिपोर्ट दी थी कि वह रात करीब 9ः35 बजे अपनी दुकान बंद कर अजूबा पेट्रोल पंप के पास घर लौट रहा था, तभी तीन बाइक सवार युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। गिरने के बाद आरोपी उसका बैग छीनकर फरार हो गए, जिसमें करीब 5 से साढ़े 5 लाख रुपये नकद थे।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपियों राहुल पुत्र विनोद कुमार जीनगर और कौशल पुत्र श्यामलाल जीनगर (दोनों निवासी बागोर) को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि यह वारदात रामरतन पुत्र मदनलाल (निवासी बागोर) द्वारा रची गई योजना के तहत की गई थी। घटना के बाद से रामरतन फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदल रहा था। डीएसटी टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया। आरोपी पर 5000 का इनाम घोषित था।

## नहाने गए मासूम की नाड़ी में डूबने से मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

माण्डल थाना क्षेत्र के नीम का खेड़ा गांव में नाड़ी में डूबने से एक 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजू पिता गोधू कालबेलिया के रूप में हुई है, जो रोज की तरह खेत पर बकरियां चराने गया था।

जानकारी के अनुसार, राजू नाड़ी में नहाने गया था, इसी दौरान उसका पैर फिसलने से वह गहराई में चला गया और डूब गया। कुछ लोगों ने मौके पर राजू की चप्पल और कपड़े पड़े देखे, जिससे उन्हें अनहोनी का अंदेशा हुआ। ग्रामीणों व परिजनों को सूचना दी गई, जिन्होंने पहुंचकर शव को बाहर निकाला।

सूचना मिलने पर मांडल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजौलिया में झमाझम बारिश से मिली राहत, आधे घंटे की तेज बारिश से सड़कों पर बहा पानी



बिजोलिया : बारिश के बाद सड़क पर भरा पानी



बिजोलिया : सब्जी मंडी में भरा 3-3 फिट पानी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से त्रस्त लोगों को गुरुवार शाम मौसम ने राहत दी। करीब शाम साढ़े 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक चली मूसलाधार बारिश से नगर की सड़कों पर पानी बह निकला और कई गलियों में पानी भर गया।

बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने राहत की सांस ली। तेज धूप और तपन से बेहाल लोग इस अनायास बरसे पानी का भरपूर आनंद लेते दिखे। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी बारिश में भीगते नजर आए।

## श्वान पर तलवार से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

खटीक मोहल्ले में एक कुत्ते पर तलवार से हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना बुधवार रात की है, जब आरोपी शराब के नशे में धुत होकर मोहल्ले में उत्पात मचा रहे थे।

पुलिस उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा ने बताया की उदयभान गेट निवासी मुकेश हरिजन, संदीप हरिजन और राजू हरिजन ने बीती रात खटीक मोहल्ले में तलवार से एक श्वान पर हमला कर दिया। घटना के दौरान जब स्थानीय लोगों ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने बदसलूकी की। भीड़ जुटती देख आरोपी तलवार वहीं छोड़कर फरार हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### बहुचर्चित किशन सालवी आत्महत्या मामला

## एडीजे कोर्ट ने भी खारिज की आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी अनिताराज की जमानत याचिका

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

( पेसवानी ) जिले के कोशीथल निवासी किशन सालवी आत्महत्या मामले में एक अहम मोड़ आया है। गुरुवार को गंगापुर स्थित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार अनिताराज पत्नी सुशील कुमार की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। इससे पहले आरोपी की जमानत अर्जी एसीजेएम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी थी। इस प्रकरण में आरोपी की ओर से दिल्ली से आए अधिवक्ता ने बुधवार को जमानत याचिका दाखिल की थी। वहीं, परिवादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता विष्णु सुहालका ने जमानत का विरोध करते हुए न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

#### आत्महत्या से पहले लिखी थी डायरी और सुसाइड नोट--

गौरतलब है कि 4 फरवरी को कोशीथल निवासी किशन सालवी ने आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व उसने सुसाइड नोट और अपनी डायरी में आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों के नाम लिखे थे। इसमें दक्षिणी दिल्ली के जुगनपुरा निवासी अनिताराज पत्नी सुशील कुमार, चित्तौड़गढ़ के ओमप्रकाश गर्ग, मुकेश गर्ग और चंदन गर्ग को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया गया था। इसके आधार पर 5 फरवरी को रायपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

#### डीजीपी से की थी गिरफ्तारी की मांग--

मृतक किशन सालवी के भाई लखन सालवी ने हाल ही में 18 जून को जयपुर जाकर डीजीपी और एडीजीपी (अपराध) को परिवाद सौंपा था। इसमें आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले की सीआईडी (सीबी) से जांच कराने की मांग की गई थी। इसके दो दिन बाद 20 जून को पुलिस ने मुख्य आरोपी अनिताराज को गिरफ्तार किया था। उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर रखकर पूछताछ की गई, जिसके बाद न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

#### अब भी तीन आरोपी फरार--

मामले में अभी भी तीन आरोपी ओमप्रकाश गर्ग, मुकेश गर्ग और चंदन गर्ग दू फरार हैं। मृतक के परिजनों का कहना है कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बिना उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। साथ ही उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई है।

#### जन आक्रोश और न्याय की मांग--

किशन सालवी की आत्महत्या ने इलाके में



आक्रोश फैला दिया था। परिजनों और ग्रामीणों ने कई बार प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अब जबकि अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है, मृतक परिवार को उम्मीद है कि बाकी आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी होगी। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु सुहालका ने कहा कि इस निर्णय से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा है। पुलिस व न्यायालय से न्याय की पूरी उम्मीद की जा रही है।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल आज भीलवाड़ा में, लेंगे संगठनात्मक एवं कोर कमेटी की बैठक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल शुक्रवार 27 जून को भीलवाड़ा दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 9:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर जिले के प्रमुख पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक लेंगे। बैठक के बाद भाजपा कोर कमेटी की भी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के संगठनात्मक दृष्टिकोण से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी



महावीर समदानी ने बताया कि इस बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, सांसद दामोदर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा, जिले के समस्त विधायक, जनप्रतिनिधि तथा पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## संपादकीय

### मांडलगढ़ में कांग्रेस का क्षीण होता कद – संगठनात्मक शिथिलता और आत्ममंथन की आवश्यकता

मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र, जिसे कभी राजस्थान की राजनीति में कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था, आज अपनी राजनीतिक पहचान को लेकर गहरे संकट में है। यह वही क्षेत्र है जहाँ से शिवचरण माथुर जैसे दिग्गज नेता ने न केवल दो बार मुख्यमंत्री पद का गौरव प्राप्त किया, बल्कि कांग्रेस संगठन की जड़ें इतनी गहरी जमाई कि दशकों तक यह



इलाका कांग्रेस का अभेद्य गढ़ बना रहा। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इसकी एक विपरीत तस्वीर पेश करता है। 2013 के बाद से कांग्रेस यहां लगातार पराजय का सामना कर रही है। भले ही 2017 के उपचुनाव में कांग्रेस ने थोड़ी राहत पाई हो, परंतु 2018 और 2023 दोनों विधानसभा चुनावों में पार्टी को न केवल शिकस्त मिली, बल्कि भाजपा ने अपना जनाधार लगातार मजबूत किया। इस पतन के पीछे सबसे बड़ी वजह है – कांग्रेस का संगठनात्मक शून्य। मांडलगढ़ ही नहीं, बिजौलिया ब्लॉक जैसे क्षेत्रों में वर्षों से कांग्रेस के पास स्थायी ब्लॉक अध्यक्ष तक नहीं हैं। नतीजा यह है कि स्थानीय कार्यकर्ताओं में नेतृत्व का अभाव है, दिशा और उद्देश्य की स्पष्टता नहीं है और सबसे बड़ी बात, पार्टी के भीतर संवादहीनता हावी है। जब पार्टी कार्यकर्ता नेतृत्व से कट जाएं, वरिष्ठों की उपेक्षा हो, और कार्यकर्ताओं को अपने ही संगठन में जगह न मिले, तो विचारधारा से जुड़ी निष्ठा भी धीरे-धीरे ढह जाती है।

हाल ही में बिजौलिया ब्लॉक के नवगठित मंडल अध्यक्षों में से एक – सदाराम जी का खेड़ा से गोपाल बैरागी – मात्र 15 दिन में कांग्रेस को छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। यह केवल व्यक्ति का निर्णय नहीं था, बल्कि यह उस असंतोष और अनदेखी का परिणाम है जो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भीतर ही भीतर तोड़ रही है। दूसरी ओर, भाजपा ने इस क्षेत्र में गंभीरता और निरंतरता के साथ कार्य किया है। पार्टी ने बूथ स्तर तक संगठनात्मक विस्तार किया, सामाजिक समीकरणों को साधा और हर छोटे-बड़े चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाई। भाजपा का यही धरातलीय जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक स्पष्ट संदेश बन गया है – अब सिर्फ विरासत और अतीत की चमक से काम नहीं चलेगा।

शिवचरण माथुर का मांडलगढ़, जो एक समय कांग्रेस की राजनीतिक प्रयोगशाला और सफलता का प्रतीक था, आज संगठनात्मक दिशाहीनता का शिकार है। यह स्थिति केवल मांडलगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान के कई अन्य क्षेत्रों में भी कांग्रेस इसी संकट से गुजर रही है।


अब समय आ गया है कि कांग्रेस नेतृत्व आत्ममंथन करे। स्थानीय कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित हो, वरिष्ठों को सम्मान और भूमिका दी जाए, संगठन को धरातल पर फिर से खड़ा करने की ठोस रणनीति बने – वरना वह दिन दूर नहीं जब पुराने गढ़ पूरी तरह ढह जाएंगे।

**कपिल विजयवर्गीय (प्रधान संपादक)**

# अशोक पारीक ने संभाला कोटड़ी सीबीईओ का पदभार, स्वागत में उमड़ा स्टाफ

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

(राजेंद्र 'बबलू' पोखरना)
कोटड़ी ब्लॉक में समग्र शिक्षा के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) के पद पर गुरुवार को अशोक कुमार पारीक ने पदभार ग्रहण किया। वे सुवाणा से स्थानांतरित होकर कोटड़ी आए हैं। ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में उन्हें माला और साफा पहनाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर तत्कालीन सीबीईओ शिवप्रकाश मीणा, आरपी अनिल बांगड़, सत्यनारायण पटवारी, एओ रामसिंह मीणा, जगदीश मीणा,



कोटड़ी: सीबीईओ का कार्यभार ग्रहण करते हुए

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर (साक्षरता) शांतिलाल पोखरना, कनिष्ठ लेखाकार प्रतीक मीणा, सहायक लेखाकार पवन जोशी, अध्यापक देवेंद्र सिंह व पवन जीनगर, एमडीएम प्रभारी महावीर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य निर्दोष राही जोशी, नरेंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य नरेंद्र पटवा, प्रधानाचार्य अनिल उपाध्याय, संदर्भ व्यक्ति सुवाणा दिनेश उपाध्याय, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुवाणा सीमा शर्मा, नारायण सिंह, सूरज कुमार, कल्याण तेली सहित कई शिक्षाकर्मियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया।


गौरतलब है कि अशोक पारीक इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) भीलवाड़ा, एडीपीसी, अतिरिक्त सीबीईओ समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। जिले की शैक्षणिक रैंकिंग में सुधार लाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी स्थायी नियुक्ति से ब्लॉक के कर्मचारियों में आवश्यक कार्यों के शीघ्र निस्तारण की उम्मीद जागी है।

### हरिशेवा उदासीन आश्रम में सतगुरु बाबा हरिराम साहब जी की 78वीं वर्सी उत्सव की भक्ति पूर्ण शुरुआत

# श्रीरामायण का अखंड पाठ प्रारम्भ, आज होगी धर्मध्वजा (झंडा साहिब) की स्थापना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

(पेसवानी)हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा में सतगुरु बाबा हरिराम साहब की 78वीं वार्षिक वर्सी का चार दिवसीय भक्ति महोत्सव गुरुवार, 26 जून को एकम तिथि के शुभ अवसर पर श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ आरम्भ हुआ।



उत्सव की शुरुआत सुबह आश्रम परिसर स्थित सतगुरुओं की समाधियों, दरबार साहब व आसण साहब पर शीश नवाने एवं प्रार्थना के साथ हुई। वैदिक ब्राह्मण मंडलियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। इसके बाद श्रीरामायण का अखंड पाठ विधिवत प्रारम्भ किया गया, जिसमें संत-महात्माओं की दिव्य उपस्थिति रही।

#### भावविभोर कर देने वाली संतवाणी -

सत्संग प्रवचनों की श्रृंखला में पुष्कर से पधारे महंत हनुमानराम उदासीन ने भावभीना भजन ÷हरदम तोखे याद कयूं था सजण सुबू ऐंहि शाम हलीया संत सचा हरिराम÷ प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने भजन ÷ऐसी किरपा मोहे करो, सन्तन चरण हमारो माथा÷ के माध्यम से सतगुरुओं की महिमा का बखान करते हुए श्रद्धालुओं को प्रभु चरणों में नतमस्तक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने आधुनिक समय में बच्चों में घटते धार्मिक संस्कारों पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को धर्म और संस्कृति की ओर प्रेरित करें। उन्होंने संतवाणी ÷हर दम हर हन्द हरि आये साण, लड्ड सा हकल करे हलाये थो पाण÷ के माध्यम से सतगुरुओं की शिक्षाओं का स्मरण कराया।

#### सेवा और सत्संग का संगम-

इस पावन अवसर पर श्री सीताराम गौशाला में गौसेवा, अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। संतों व विप्रजनों के लिए विशेष प्रसादी भोज का आयोजन भी किया गया।

#### संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति

वर्सी उत्सव में दूर-दराज से पधारे अनेक संत-महात्माओं की दिव्य उपस्थिति रही। इनमें महंत स्वरूपदास (अजमेर), महंत हनुमानराम (पुष्कर), महंत आत्मदास (उज्जैन), महंत श्यामदास (किशनगढ़), स्वामी ईश्वरदास, स्वामी अर्जुनदास (अजमेर), स्वामी मोहनदास चंदन (इंदौर) सहित उदासीन निर्वाण मंडल के कई संत शामिल हुए। इन्होंने संगत को दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान किया।

#### शाम को हुआ भजन संध्या का आयोजन

सायंकाल में नितनेम, हनुमान चालीसा पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न भक्त मंडलियों द्वारा भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति भाव में डूबे रहे।

#### आज होंगे विशेष आयोजन -

चार दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत 27 जून को विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इस दिन श्री श्रीचंद्र सिद्धांत सागर का अखंड पाठ प्रारम्भ होगा। श्रीरामायण अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा। सायंकाल में धर्मध्वजा (झंडा साहिब) की विधिवत स्थापना आश्रम परिसर में की जाएगी। भगवान जगन्नाथ यात्रा के आश्रम आगमन पर भव्य स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

संपूर्ण उत्सव आश्रम की आध्यात्मिक परंपराओं के अनुरूप भक्तिभाव, सेवा और सत्संग का सजीव उदाहरण बनकर श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति और संतोष का स्रोत बना हुआ है।

# प्रोपर्टी एसोसिएशन ने किया तहसीलदार का स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

प्रॉपर्टी एसोसियेशन शाहपुरा अध्यक्ष राजेन्द्र बोहरा के नेतृत्व में तहसीलदार भीम राज परिहार का स्वागत एवं सम्मान तहसील कार्यालय में किया गया इस अवसर पर कोषाध्यक्ष महेंद्र झवर मीडिया प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंधी विधि सलाहकार एडवोकेट शरीफ मोहम्मद रामप्रसाद गुर्जर धनराज जीनगर विनीत बुनकर देवीलाल खटीक राजू कायमखानी लक्ष्मी नारायण कोली आदि प्रॉपर्टी एसोसियेशन के सदस्य उपस्थित थे।

# शाहपुरा में सिंधी बोली संस्कार शिविर का समापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

शाहपुरा को सिंधी समाज की भावी पीढ़ी को मातृभाषा, संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के लिए सिंधी बोली संस्कार शिविर का विधिवत समापन किया गया। 15 दिवसीय शिविर झूलेलाल मंदिर, दिलखुशाल बाग परिसर में भारतीय सिंधु सभा के तत्वावधान और पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के आयोजन में किया गया। समापन मौके पर संभागियों को सनातन हरिशेवा उदासीन आश्रम भीलवाड़ा की ओर से प्रदत्त पारितोषिक दिये गये। प्रशिक्षकों को भी पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में समाज की वरिष्ठ गुरयाणी रेखा सिंधी के सानिध्य में



भारतीय सिंधु सभा अध्यक्ष चेतन चंचलानी, बहराणा समिति सचिव मोहन केवलानी, झूलेलाल महिला मंडल संयोजक शिल्पा सामतानी सहित महिलाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। शिविर में सिंधु सभा अध्यक्ष चेतन चंचलानी और बहराणा समिति के सचिव मोहन केवलानी, झूलेलाल महिला मंडल की कृष्णा वासवानी, कविता वासवानी, वर्षा मतलानी, सावित्री देवी मेठवानी, दुर्गा केवलानी, भारती लखपतानी, विमला आसवानी, धनवंती थारवानी, शिक्षिका मेघा केवलानी, अंजली सामतानी मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### राजेंद्र बोहरा बने भीलवाड़ा जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



राजस्थान राज्य जूडो संघ की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमें भाजपा शाहपुरा के पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। बैठक राजस्थान राज्य जूडो संघ के प्रदेश सचिव उम्मेद सिंह के मुख्य आतिथ्य में शाहपुरा में आयोजित हुई। निर्वाचन अधिकारी फारूक मोहम्मद डायर द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। चुनाव सर्वसम्मति और निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। नवगठित जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष हरफूल जाट, अनिल नागला , सचिव राधेश्याम दरोगा , संयुक्त सचिवनिशांत चौहान, शंकर रैदास , कोषाध्यक्ष जयकिशन घूसर
, कार्यकारी सदस्यशिवलाल जाट, कैलाश चंद्र जाट को नियुक्त किया गया । कार्यकारिणी का कार्यकाल चार वर्षों का रहेगा।

### तेरापंथ युवक परिषद का शपथ ग्रहण समारोह , सेवा, संस्कार एवं संगठन को गतिमान करने की ली शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा



तेरापंथ युवक परिषद संस्था भीलवाडा के नवमनोनित अध्यक्ष अमित मेडतवाल एवं नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह साध्वी श्री उर्मिला कुमारी के पावन सान्निध्य एवं सांसद दामोदर अग्रवाल व विधायक अशोक कोठारी के आतिथ्य में स्थानीय महाप्रज्ञ स्कूल शास्त्रीनगर में परिसंपन्न हुआ। साध्वी उर्मिला कुमारी ने कहा, किसी भी संगठन की सफलता सामुहिक जिम्मेदारी और लक्ष्यों के प्रति सक्रियता एवं समर्पण से ही संभव है । नवगठित कार्यकारिणी तेरापंथ धर्मसंघ की प्रभावना में वृद्धि करे । साध्वी मृदुल यशा जी ने परिषद की नई टीम को शुभकामनाएं दी । सासंद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि जैन समाज सेवा कार्यों में सबसे अग्रणी है, उन्होंने शहर में विकास की गंगा बहाने की बात की । वही शहर विधायक अशोक कोठारी ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाई एवं अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रत्येक सदस्य एकजुटता से कार्य करें। महासभा उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू, पूर्व जिला महामंत्री कल्पेश चौधरी, सभा उपाध्यक्ष दिलीप मेहता, टीपीएफ राष्ट्रीय सहमंत्री राकेश सुतरिया, अभातेयुप के राष्ट्रीय सलाहकार गौतम दुगड़, टीपीएफ अध्यक्ष प्रशांत सिंघवी ने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में रामानुज संप्रदाय के संत राम जी महाराज भी उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल कोठारी ने बताया कि इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी वृंद द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुई, जिसमे निवर्तमान अध्यक्ष पीयूष रांका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष अमित मेडतवाल को बेच लगाकर शपथ दिलाई । तदुपश्चात मेडतवाल ने अपनी नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे कुलदीप मारू एवं शीर्षक नैनावटी को उपाध्यक्ष, निखिल दुगड़ मंत्री, सुधिर दक एवं अंकित लोढ़ा सहमंत्री, सुनील श्रीश्रीमाल कोषाध्यक्ष एवं आनंद राज सिंघवी को संगठन मंत्री बनाया गया । मंच संचालन महावीर खाव्या एवं आभार मंत्री निखिल दुगड़ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी नवरतन मल झाबक, मीठालाल गन्ना,लक्ष्मी लाल गांधी, अणुव्रत समिति अध्यक्ष अभिषेक कोठारी, राजेश चोरड़िया, नवगठित कार्यकारिणी के समिति सदस्य, संरक्षक, मार्गदर्शक, परामर्शक मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे ।

### विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति डीआरएम की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 27 जून को सुबह 11.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक ने दी।

# 20 साल से कर रहे थे खेती, अब शिविर में दस्तावेज़ों में दर्ज हुआ बंटवारा

भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप (हमीरगढ़)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत मंगरोप में आयोजित प्रशासनिक शिविर में खातीखेड़ा निवासी चावण्ड सिंह व शोभाग सिंह, दोनों सगे भाइयों ने आपसी सहमति से अपनी पैतृक कृषि भूमि के पूर्व में किए गए विभाजन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाया।

दोनों भाई वर्षों से अपनी-अपनी भूमि पर स्वतंत्र रूप से खेती कर रहे थे और मौके पर भी स्पष्ट रूप से भूमि विभाजित थी, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में वह अब भी शामलाती खाता के रूप में दर्ज थी। इस पर दोनों भाई शिविर में पहुंचे और शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार हमीरगढ़ भंवरलाल सेन के समक्ष रिकॉर्ड में विभाजन दर्ज कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। सेन के निर्देशन में पटवारी चन्द्र प्रकाश व भू.अ.नि. अल्का हींगड़ ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाजन का प्रस्ताव तैयार किया और मौके पर ही नामांतरण की कार्रवाई पूरी करवाई। विभाजित खातों की नकलें और नक्शा ट्रेस दोनों भाइयों को प्रदान किए गए।



मंगरोपः शिविर में नक़ल और नक्शा ट्रेस देते तहसीलदार

#### चावण्ड सिंह ने खुशी जताते हुए कहा को

शिविर में झटपट काम हो जावे - सुना तो था, पर आज देख भी लिया। बिना किसी दौड़-धूप के जल्द रिकॉर्ड दुरुस्त हो गया।

दोनों भाइयों ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और शिविर प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

# जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू रहे जिले के दौरे पर, रायला शिविर का किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बनेड़ा उपखंड क्षेत्र के रायला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं व जनसुनवाई की स्थिति का जायजा लिया।

संधू ने शिविर में पहुंचे आमजन की समस्याएं सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए सुनिश्चित करें कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।









भीलवाड़ा : रायला शिविर का जायजा लेते कलेक्टर

जिला कलेक्टर ने शिविर में मौजूद नागरिकों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए जागरूक किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आमजन से सहज व सरल व्यवहार करते हुए योजनाओं की सही जानकारी उन तक पहुंचाएं और शिविरों का संचालन प्रभावी ढंग से करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि उपखंड एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करें और स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास, तहसीलदार नारायण प्रसाद शर्मा, एवं समस्त विभागों के उपखंड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने शिविर में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, दस परिवारों को वितरित किए आवासीय पट्टे

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

ग्राम पंचायत शक्करगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान कोशल शर्मा और विधायक प्रतिनिधि किशोर शर्मा शामिल हुए।

गौरतलब है की राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित इस विशेष पखवाड़े में ग्रामीणों को 60 से अधिक जन उपयोगी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को मौके पर ही त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी फूलसिंह मीणा ने बताया कि राजस्व, पंचायती राज, कृषि, विद्युत, पशुपालन और चिकित्सा विभागों से जुड़े कई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



जहाजपुरः शिविर में विधायक एवं अन्य

शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। ग्राम पंचायत की ओर से 10 आवासीय पट्टे वितरित किए गए है , वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कन्हैयालाल मीणा, सरपंच मनभर देवी, उप सरपंच देवीलाल माली, सोहनलाल नामा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पुरस्कृत शिक्षक फोरम ने किया सीबीईओ माहेश्वरी का स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों की अग्रणी संस्था पुरस्कृत शिक्षक फोरम द्वारा शाहपुरा सीबीईओ पद पर गीता महेश्वरी के कार्य ग्रहण करने पर मंगलाचरण करके माला और सोल पहनाकर अभिनंदन किया।जिला सचिव परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर फोरम के कार्यकारिणी सदस्य बालकृष्ण पंचोली ने गीता माहेश्वरी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए शाहपुरा को ऊर्जावान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मिलने की बधाई दी। बधाई देने वालों में फोरम के जिला सचिव परमेश्वर प्रसाद कुमावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदम पाटनी, कन्हैया लाल वर्मा, निर्मल भाटी, बसंत कुमार नौलखा, बालकृष्ण मालू, हनुमान शर्मा उपस्थित रहे।



शाहपुराः सीबीईओ माहेश्वरी का स्वागत करते हुए

# नगर विकास न्यास में फर्जी जमीन समर्पण का मामला गरमाया, मुख्यमंत्री व जिलाधीश के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा में भ्रष्टाचार के लगातार उजागर हो रहे मामलों के बीच एक और बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बिलिया निवासी नारायणलाल गाडरी की एक बीघा 19 बिस्वा कृषि भूमि को कथित रूप से भू-माफिया और नगर विकास न्यास के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों और फर्जी स्टांप के जरिए वर्ष 2019 में न्यास के नाम समर्पित करवा दिया गया। हैरानी की बात यह है कि संबंधित जमीन का नामांतरण नगर विकास न्यास के नाम वर्ष 2025 में हुआ, यानी समर्पण से छह साल बाद।

इस पूरे मामले में फर्जी व्यक्तियों के नाम से समर्पण करवाकर मुआवजे के रूप में 17 भूखंडों का फर्जी तरीके से आवंटन कर दिया गया। इस गंभीर भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ओर से गुरुवार को मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए।



संगठन के जिलाध्यक्ष रतनलाल आचार्य के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि नगर विकास न्यास के नाम फर्जी तरीके से किए गए नामांतरण को तत्काल निरस्त किया जाए और पीड़ित नारायणलाल गाडरी के नाम पुनः दर्ज किया जाए। साथ ही पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषी अधिकारियों और भू-माफियाओं को निलंबित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

आचार्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सब भ्रष्ट अधिकारियों की साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सरकार को बदनाम करना और आमजन में असंतोष फैलाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला संरक्षक छोटूलाल अटारिया, श्रवण कुमार सेन, जिला महासचिव मुकेश सोनी, जिला सचिव सुभाष गर्ग, संयुक्त सचिव सुवालाल कुमावत, युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक जोशी, युवा जिला उपाध्यक्ष रजत माथुर, युवा जिला महासचिव गोपाल जाट, पीड़ित नारायणलाल गाडरी सहित राधेश्याम गाडरी, सोनू धोबी, अनुराग टेलर, मोहित गाडरी, रोहित, दीपक कुमार व अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा में टीबी उन्मूलन हेतु एसीएफ प्लानिंग व प्रशिक्षण बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए जिला क्षय निवारण केन्द्र में ÷एसीएफ प्लानिंग एवं प्रशिक्षण÷ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने 25 जून से 11 जुलाई तक चलने वाले हाउस-टु-हाउस सर्वे में सक्रिय केसों की पहचान कर शीघ्र उपचार के निर्देश दिए।

बैठक में डॉ. गोस्वामी ने बताया कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, जिसे समय पर पहचान और सामूहिक प्रयासों से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने फील्ड स्टाफ को संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग, जांच व रिपोर्टिंग की प्रक्रिया सुदृढ़ करने को कहा। इस अवसर पर ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें केस रिपोर्टिंग, निक्षय पोर्टल उपयोग, उच्च जोखिम क्षेत्रों की पहचान और विभिन्न विभागों की भागीदारी पर चर्चा की गई।




कार्यशाला में जिला क्षयरोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, लैब तकनीशियन, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं फील्ड स्टाफ शामिल रहे। डॉ. गोस्वामी ने टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए समर्पित प्रयासों की आवश्यकता बताते हुए निगरानी और जनजागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर ज़ोर दिया।

# 14 वर्षीय बालक फुटबॉल टीम अजमेर रवाना



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

27 जून से 30 जून तक अजमेर में होने जा रही 14 वर्षीय राज्य स्तरीय (बालक) फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भीलवाड़ा टीम रवाना हुई जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि टीम में समर जैन,हर्षित बिश्नोई, पीयूष माली, नैतिक डिडवानिया, वेदान्त जैन, देवांश कोठारी, आशिफ खान, प्रिंस जाट, अद्वित मानसिंहका, पृथ्वी यादव, अभिसार व्यास,पुनीत भाभी, रिषभ शर्मा, त्रिलोक भांभी सूर्यांश सिंह रोहित गांछा पार्थ जीनगर, का चयन हुआ, वही कोच मिथलेश मारू मैनेजर प्रहलाद सिंह रहे संघ के प्रवक्ता दीपक खींची ने बताया कि भीलवाड़ा का पहला मैच सुबह कोटा से होगा सभी ने टीम को शुभकामनाओ के साथ विजय होने की बधाई दी टीम रवानगी के दौरान लोकेश बुनकर जगदीश बुनकर शंकर लाल जीनगर, चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ




## QUICK BITES

# हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा बन रहा हादसों का कारण

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला/भीलवाड़ा



राजसमंद-भीलवाड़ा हाईवे पर शिव नगर स्थित चामुंडा माता मंदिर के पास आवारा मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। मवेशी सड़क पर खड़े-बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालकों को खासतौर पर रात के समय खतरा बढ़ जाता है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मवेशियों को बचाने के प्रयास में आए दिन हादसे हो रहे हैं। रेडियम पट्टी या माला नहीं होने से रात में ये दिखाई नहीं देते, जिससे टक्कर की घटनाएं बढ़ी हैं। लोगों ने मांग की है कि हाईवे अथॉरिटी, प्रशासन और गौशालाएं मिलकर मवेशियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाएं और रेडियम व्यवस्था करवाएं। ग्रामीणों ने इसे जनहित का मामला बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# ऐतिहासिक दुर्ग की नवनिर्मित सड़क निर्माण का विधायक ने लिया जायजा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ




माण्डलगढ़ : निरीक्षण के दौरान विधायक खंडेलवाल एवं अन्य

ऐतिहासिक दुर्ग पर जाने के लिए नई आबादी स्थित होड़ा बारी से नवनिर्मित सड़क मार्ग का गुरुवार को विधायक गोपाल लाल खण्डेलवाल द्वारा जायजा लिया गया। वहीं ठेकेदारों को शीघ्र एवं सुविधायुक्त सड़क निर्माण कर आमजन की आवाजाही शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। विधायक के साथ नगर पालिका अध्यक्ष संजय कुमार डांगी, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, सेवानिवृत प्राचार्य कैलाश चंद्र दरोगा, पंचायत समिति सदस्य सत्यनारायण मेवाड़ा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, शिक्षाविद ओमप्रकाश दरोगा मौजूद रहे ।

# मां काली के दर्शन फिर से शुरू, भीलवाड़ा के मसाणिया भैरवनाथ मंदिर में अम्बुवाची पर्व संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा



शहर के श्री मसाणिया भैरवनाथ मंदिर पंचमुखी मोक्ष धाम में चल रहे अम्बुवाची पर्व के विशेष अनुष्ठान आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गए हैं। इसके साथ ही, मां काली के भक्तों के लिए उनके दर्शन अब फिर से शुरू हो गए हैं, जो पिछले तीन दिनों से बंद थे। मंदिर समिति के युवा अध्यक्ष रवि कुमार खटीक ने बताया कि अम्बुवाची पर्व के चलते मां श्मशान काली का दरबार तीन दिनों के लिए बंद रखा गया था, ताकि विशेष रात्रि अनुष्ठान संपन्न किए जा सकें. मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया इन अनुष्ठानों का महत्व असम के प्रसिद्ध मां कामाख्या देवी मंदिर के समान है, और इन्हीं परंपराओं के तहत दर्शन बंद रखे गए थे। अनुष्ठान संपन्न होने के बाद, मां कामाख्या देवी के यहां से लाया गया सिंदूर भक्तों के बीच वितरित किया गया. मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अनुष्ठान को सफल बनाने में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है. अब भक्तगण पहले की तरह मां काली के दर्शन कर सकते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890